SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION
स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ (पंजीकृत)

SFCF (Regd.)

Regd. Under The Indian Trust Act 1982 of the Government of India & Govt. of U.P.
Regd. in Niti Ayog (NGO Darpan) Govt. of India
Regd. Office : 36, S.D.M. Court, Opp. Street No. 3, Sikandrabad, Distt. Bulandshahr-203205 (U.P.)

Ref. No:-2025/09/SFCF/116 **Date:-** 08-09-2025

सेवा में,

मानिनीय कुलपति जी,

चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

विषय : शैक्षिक सत्र 2025 –26 के सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश पंजीकरण पुनः खोलने, छात्रों को ओपन मेरिट से पूर्व की तरह प्रवेश देने एवं विवि0 की व्यवस्था में अभी तक के वर्षो में सबसे कम प्रवेश वर्तमान सत्र में होने के सन्दर्भ में।

महोदया,

आप कृपया सादर अवगत हो की वर्तमान शैक्षिक सत्र में सभी महाविद्यालयों में प्रवेश की स्थिति बेहद ख़राब है विशेषकर स्ववित्तपोषित संस्थानों में प्रवेश विगत वर्षो की अपेक्षा बेहद कम है। वर्तमान में महाविद्यालयों में 01 लाख प्रवेश भी नहीं हुए है जो की उपलब्ध सीटों के सापेक्ष आधे भी नहीं है। **विवि0 की प्रवेश प्रक्रिया ख़राब होने का बहुत बड़ा कारण समर्थ पोर्टल और उसका क्रियान्वयन है।** पोर्टल की जटिल प्रणाली से छात्र और संस्थान दोनों प्रभावित हुए है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है की 02 लाख से भी ज्यादा सीटों पर 62 हजार के लगभग प्रवेश हुए है।

बहुत से संस्थानों को संबद्धता विलम्ब से मिली वही बी0सी0आई0 से विधि संस्थानों को विस्तारण पत्र समय से नहीं मिलने के कारण भी संस्थानों को प्रवेश के उचित अवसर नहीं मिल सके है। पोर्टल की कार्यप्रणाली एवं जटिलता विवि0 द्वारा पंजीकरण की अधिसूचना की तिथियों से भी समझी जा सकती है जिसके बाद भी अभी तक छात्र प्रवेश के लिए भटक रहे है।

पाठ्यक्रम	विवि द्वारा पंजीकरण की तिथि
स्नातक	13.05.2025 से प्रारम्भ
	03.07.2025 से 13.07.2025 तक
	13.07.2025 से 20.07.2025 तक
	20.07.2025 से 25.07.2025 तक
	29.08.2025 से 02.09.2025 तक
परास्नातक	27.06.2025 से प्रारम्भ
	30.08.2025 से 02.09.2025 तक
बी0ए0 एल0एल0बी, बी0कॉम एल0एल0बी0	05.07.2025 से प्रारम्भ
	31.07.2025 से 11.08.2025 तक
	18.08.2025 से 25.08.2025 तक
एल0एल0बी0	24.07.2025 से प्रारम्भ
	18.08.2025 से 25.08.2025 तक
	29.08.2025 से 02.09.2025 तक

स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ SFCF SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION

08.9.25

Website : www.sfcf.in I Email : sfcf2023@gmail.com I Mob. 8954-89-1289, 9997-70-8995

Scanned with OKEN Scanner

महोदया, उपरोक्त से स्पष्ट है की वर्तमान शैक्षिक सत्र में समर्थ पोर्टल की जटिलताओं से प्रवेश प्रक्रिया बुरी तरह बाधित हो रही है और शैक्षिक संस्थानों के अस्तित्व के लिए पुनः सभी विषयो में पंजीकरण खोले जाने की आवश्यकता है साथ ही वर्तमान सत्र में छात्रों को ओपन मेरिट का कोई अवसर प्रदान नहीं किया गया है जिससे छात्र द्वारा लॉक अपने कॉलेजो से अलग अन्य किसी भी संस्थान में प्रवेश लिया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

"फेडरेशन" आपसे अनुरोध करती है की छात्रों और शैक्षिक संस्थानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए पुनः सभी पाठ्यक्रमों में पंजीकरण एवं प्रवेश के लिए अवसर प्रदान किया जाये। इसके लिए हम आपके आभारी रहेंगे।

आदर सहित।

प्रतिलिपि :–

1 – **प्रवेश समन्वयक,** चौधरी चरण सिंह विवि0, मेरठ।

08/12/25

(एड0 नितिन यादव)	प्रो0 (डॉ0) निधि शुक्ला	प्रो0 (डॉ0) आनन्द सिंह)
अध्यक्ष	वरिष्ठ उपाध्यक्ष	वरिष्ठ महासचिव

स्ववित्तपोषित महाविद्यालय संघ
SFCF
SELF FINANCE COLLEGE FEDERATION

पत्र फेडरेशन की अधिकृत वेबसाइट www.sfcf.in पर SFCF Desk में भी अपलोड है।

पत्र की आधिकारिक पुष्टि वेबसाइट से की जा सकती है।

Scanned with OKEN Scanner